पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

-------

# राजभवन में नवरात्रि और गरबा का त्योहार उत्साह तथा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

------

लखनऊ : 23 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा से नवरात्रि के पावन अवसर पर राजभवन के बड़े लॉन में आयोजित नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का आज हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र व गरबा महोत्सव के शुभारंभ से नियमित रूप से प्रतिदिन गरबा का आयोजन हुआ। राज भवन में आए आमंत्रित गणमान्यों ने भी गरबा में प्रतिदिन उत्साह से प्रतिभाग किया। पूरे नवरात्रि गरबे के रंग में सरोबार राजभवन में गरबा महोत्सव का सोमवार रात को रंगारंग समापन हुआ।

नौ दिन चले गरबा महोत्सव में राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के अलावा लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे गुजराती भाई व बहनों ने गरबा महोत्सव में उत्साह के साथ हिस्सा लेकर प्रत्येक दिन गरबा नृत्य प्रस्तुत किया।

राजभवन में शारदीय नवरात्र व गरबा महोत्सव के अंतिम दिन आज नवमी तिथि को देवी की आरती और भजन के साथ गरबा हुआ। आज के कार्यक्रम में

अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव मा0 मुख्यमंत्री श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव श्री आलोक कुमार, श्री अनिल कुमार, राज भवन के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासितगण व अन्य गणमान्य सम्मिलित हुए।

--------

कृष्ण कुमार,
सूचना,अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250